दिन– शुक्रवार दिनांक– 05/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्‍न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय ने आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। पटना स्थित बिहार लोकभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण के बाद न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय के सम्मान में पटना हाई कोर्ट में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल, खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य उपस्थित थे। समारोह में कई न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोग भी मौजूद थे। गौरतलब है कि इससे पहले न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय सिक्किम उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश थीं। वे पटना हाई कोर्ट की दूसरी महिला और अड़तालीसवीं मुख्य न्यायाधीश बनी हैं।

———————————————————

बक्सर जिले के इटाढ़ी रेलवे गुमटी पर नवनिर्मित रोड ओवर ब्रिज क्षतिग्रस्त हो गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि छब्बीस करोड़ चालीस लाख रुपये की लागत से निर्मित इस आरओबी का उद्‍घाटन चार दिन पहले हुआ था। आरओबी का पाया संख्या–पांच पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके बाद प्रशासन ने पुल पर आवागमन बंद कर दिया है।

———————————————————

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। पृथ्वी पर जीवन को बचाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत, यह दिवस वर्ष उन्नीस सौ तिहत्तर से मनाया जाता है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस अवसर पर राजधानी पटना के जे.पी. गंगा पथ उद्यान परियोजना में पौधारोपण कर एक लाख पेड़ लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने लोगों से अधिक से अधिक पौधा रोपण कर धरती पर हरियाली बढ़ाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने लोगों को बिजली की बचत, सौर

ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने, ईंधन बचाने और ई.वी. वाहनों का उपयोग करने को कहा। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————

आज संपूर्ण क्रांति दिवस है। आज ही के दिन लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था। मुख्य राजकीय समारोह पटना के जे.पी. गोलम्बर पर आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने जे.पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

———————————————————

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक व्यक्ति को लगभग पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————

शेखपुरा से पुलिस ने दो कार से भारी मात्रा में शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र में एनएच एक सौ सात पर एक तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————

समस्तीपुर के मुसरी घरारी थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव के पास एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।